इसे रिकॉर्ड 11 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में एशिया की सबसे बड़ी द्विदिशी (आने-जाने) जोजिला सुरंग का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सामरिक दृष्टि से दोनों सुरंग महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटड (एनएचएआईडीसीएल) के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 फीसदी काम पूरा करने के बाद निर्माण कंपनी के दिवालिया होने के कारण जेड मोड सुरंग परियोजना का काम जून 2019 में बंद हो गया था।

नई कंपनी को ठेका दे दिया गया है: परियोजना के टेंडर जारी करने व लेटर ऑफ अवार्ड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई कंपनी को ठेका दे दिया गया है और 16 जुलाई को काम शुरू भी हो गया है। अधिकारी ने बताया कि लगभग 80 फीसदी काम को रिकॉर्ड आगामी जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

क्या होगा फायदा : दोनों मेगा सुरंगों के बनने से श्रीनगर से लेह की सड़क कनेक्टिविटी सालभर बनी रहेगी। अभी बर्फबारी के दौरान छह माह तक लेह श्रीनगर व देश के बाकी हिस्से से पूरी तरह से कट जाता है। युद्ध की स्थिति में सैन्य गतिविधियों के दौरान इन सुरंगों का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

कितनी लंबी होगी

जेड मोड सुरंग : 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग सोनमर्ग व गगनगिर के बीच बनने रही है। सुरंग के साथ छह किलोमीटर की एक सड़क, दो बड़े पुल, एक छोटा पुल शामिल है। पूरी परियोजना की लागत 2379 करोड़ रुपये आएगी।

जोजिला सुरंग : 14.15 किलोमीटर जोजिला सुरंग की लागत 4430 करोड़ है। द्विदिशी जोजिला एशिया की सबसे बड़ी सुरंग है। इसका काम जून 2026 तक पूरा हो सकेगा।

वर्ल्ड राउंडअप

बुकर पुरस्कार की दौड़ में भारतवंशी अवनि

लंदन। भारतीय मूल की लेखिका अवनि दोशी वर्ष 2020 के बुकर पुरस्कार की रेस में शामिल हैं। दुनिया के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए अभी जिन 13 लेखकों की सूची बनाई गई है उनमें दोशी का नाम भी शामिल है। दुबई में रह रहीं दोशी का चयन उनके पहले उपन्यास बर्न्ट शुगर के लिए किया गया।

समूह में भारत की अर्चना सोरेंग शामिल

संयुक्त राष्ट्र। भारतीय जलवायु कार्यकर्ता अर्चना सोरेंग को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अपने नए सलाहकार समूह में शामिल करने के लिए नामित किया है। इस समूह (युवा सलाहकार समूह) में युवा नेता को शामिल किया गया है। अर्चना सोरेंग विश्व के छह अन्य युवा जलवायु नेताओं में शामिल हैं।

ओली और प्रचंड में नहीं हो सकी सुलह

काठमांडू। नेपाल की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की मंगलवार को होने वाली अहम बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। स्थायी समिति के सदस्य गणेश शाह ने बताया कि ओली और प्रचंड को आपसी मतभेद सुलझाने के लिए थोड़ा और समय चाहिए। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाले असंतुष्ट गुट के बीच सुलह कराने के उद्देश्य से यह बैठक होनी थी। एनसीपी की 45 सदस्यीय स्थायी समिति की बैठक 11 बजे होनी थी।

15 लाख से ज्यादा संक्रमण की चपेट में

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

देश में कोरोना संक्रमण दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। मंगलवार शाम तक 15 लाख से ज्यादा लोग इस महामारी की चपेट में आ चुके थे। वर्ल्डोमीटर के मुताबिक 47,861 नए मामले मिलने से कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 15,30,364 हो गई है। 776 और लोगों की मौत से महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33,425 हो गई।

सिर्फ 12 दिनों में पांच लाख से ज्यादा नए केस दर्ज किए गए हैं। हालांकि, राहत की बात है कि अब तक 9.52 लाख से ज्यादा लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और रोजाना करीब 35 हजार लोग स्वस्थ हो रहे हैं। देश में संक्रमण 3% की दर से बढ़ रहा लेकिन उत्तर प्रदेश में 5.4% की दर से बढ़ोतरी हो रही है।

दिल्ली की राह पर मुंबई

आर्थिक राजधानी मुंबई भी दिल्ली की राह पर चल पड़ी है। वहां मंगलवार को सिर्फ 700 नए मामले दर्ज किए गए। पिछले तीन महीने यह सबसे कम आंकड़ा है। खास बात यह है कि सर्वाधिक 8,776 टेस्ट करने के बाद इतने मामले सामने आए हैं। एक दिन पहले 1021 मामले दर्ज हुए थे।

भारत में सबसे तेज वृद्धि दर



स्रोत: जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी

गर्भवती से भ्रूण तक पहुंचा संक्रमण

पुणे। कोरोना संक्रमण गर्भवती महिलाओं से अजन्मे बच्चे तक पहुंच रहा है। भारत में इस तरह का पहला मामला पुणे में सामने आया है। कोरोना वायरस संक्रमित मां से गर्भनाल के जरिए भ्रूण तक पहुंचा। हालांकि, राहत की बात है कि उपचार के बाद मां और नवजात दोनों स्वस्थ है भ्रूण के बीजे गर्वमेंट मेडिकल कॉलेज एंड ससून जनरल हॉस्पिटल में मई के अंतिम सप्ताह में इस बच्ची का जन्म हुआ। उसकी मां को पहले से ही संक्रमण था। प्रसव के एक सप्ताह पहले गर्भवती में कोरोना के हल्के लक्षण दिखे तो टेस्ट कराया गया लेकिन रिपोर्ट निगेटिव आई।

वायरस के फैलाव में कमी के संकेत

नई दिल्ली। क्या देश में कोरोना संक्रमण का फैलाव अब कम होने लगा है? क्या कोरोना संक्रमण की चरम सीमा निकल चुकी है? ये ऐसे प्रश्न हैं जिनपर सरकार की तरफ से तो कोई जवाब नहीं आया है, लेकिन विशेषज्ञों को ऐसा लगता है।

कोरोना नमूनों के पॉजिटिव होने की दर में कमी आना इसका एक ठोस आधार है। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि आने वाले दिनों में यह रुझान जारी रहता है या नहीं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के आंकड़ों के विश्लेषण से साफ होता है कि कोरोना संक्रमण दर घटी है। बीते चौबीस घंटों के दौरान कुल 5,28,082 टेस्ट किए गए हैं। इस दौरान कुल 47,704 नमूने पाजीटिव निकले हैं।

तीन हजार रुपये अधिकतम होगा कोविड वैक्सीन का दाम

लंदन/शिकागो | एजेंसी

वैक्सीन के अंतिम परीक्षण और उसकी सफलता की उम्मीदों के बीच दुनिया भर के देश इसकी कीमत तय करने में जुट गए हैं।

कोरोना पर वैश्विक टीकों के समन्वय का काम कर रहे गावी अलायंस ने इसी दिशा में कदम उठाया है और एक खुराक की अधिकतम कीमत 40 डॉलर यानी करीब तीन हजार रुपये तय की है। टीकों के दुनिया भर में उचित बंटवारे के लिए बने कोवैक्स सुविधा केंद्र के सह प्रमुख सेथ बर्कले ने मंगलवार को कहा सैद्धांतिक तौर पर अधिकतम 40 डॉलर कीमत तय की गई है, हालांकि गरीब देशों को इसे कम कीमत पर मुहैया कराने पर विचार जारी है।

EESL
एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रण की संयुक्त उद्यम कंपनी)
3rd और 4th फ्लोर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019

उजाला वारंटी को बंद करने की सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि UJALA (पहले DELP) एलईडी बल्बों पर प्रदान की गई 3 वर्ष की वारंटी अवधि पूरी हो चुकी है और ईईएसएल या ईईएसएल अधिकृत काउंटरों द्वारा कोई बल्ब नहीं बदला जाएगा।

अभिनेत्री रिया पर गबन समेत कई गंभीर आरोप



एक था सुशांत

पटना | वरीय संवाददाता

पुलिस सूत्रों की मानें तो रिया चक्रवर्ती पर सुशांत सिंह के पिता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि रिया ने सुशांत के पैसे गबन कर लिए थे। वे उन्हें परिवार से दूर रखना चाहती थी। इस कारण सुशांत सिंह काफी तनाव में थे। उनका बैंक खाता रिया हैंडल करने लगी थी। काफी पैसे सुशांत के बैंक खाते से गायब थे।

बड़े अफसर कर रहे मॉनिटरिंग : अभिनेत्री परदर्ज एफआईआर मामले की मॉनिटरिंग पटना पुलिस के बड़े अधिकारी कर रहे हैं। उधर, सुशांत सिंह के पिता ने केस दर्ज करने की पुष्टि की है। हालांकि इस बारे में उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है। कहा कि अगर वे अभी बात सार्वजनिक करेंगे तो इसका असर पुलिस की जांच पर पड़ सकता है।

धर्मा प्रोडक्शन के सीईओ का बयान दर्ज

मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में धर्मा प्रोडक्शन के सीईओ अपूर्वा महता ने मंगलवार को मुंबई पुलिस को अपने बयान दर्ज कराए हैं। सुशांत ने करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन हाउस के साथ 2019 में फिल्म ड्राइव में काम किया था। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस के समन पर मेहता दोपहर के समय अंधेरी थाने पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह राजपूत और प्रोडक्शन हाउस द्वारा हस्ताक्षर किए गए अनुबंध दस्तावेज भी अपने साथ लाए थे।

कार्यालय विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति लाडनूं जिला (नागौर)
क्रमांकः- MGNREGA/निविदा/2020-21/1301 दिनांकः 23.07.2020
ई-निविदा सूचना संख्या-3/2020-21
पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ 34 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2020-21 में महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य योजना के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम वेण्डो के संवेदकों व विनिर्माताओं से ऑनलाइन दरांकन (ई-निविदाएं) आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदायें निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदाकारों के समक्ष कार्य समिति द्वारा खोली जायेगी।
NIB: ZNR2021A0078
UBN: ZNR2021GLOB00119
(हरफूल सिंह)
विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी
पंचायत समिति लाडनूं
Dipr/c/5711/2020

कम्पोजिट विद्यालय लोहा (1-8) वि.क्षे. मिलक (रामपुर)
निविदा सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश के अनुसार रजि० फर्मों से छात्र/छात्राओं को 2 सैट यूनिफार्म/कपड़ा आपूर्ति हेतु सैम्पल सहित सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्राप्त कराने की अन्तिम तिथि 05.08.2020 समय 1 बजे तक निविदा खोलने की तिथि 06.08.2020 है।
याकूब मसीह, अध्यक्ष
पृथ्वी सिंह, सचिव

Radico
रेडिको खेतान लिमिटेड
CIN : L26941UP1983PLC027278
पंजी कार्यालय : बरेली रोड, रामपुर - 244901 (उ. प्र.)
फोन नं. : 0595 - 2350601 / 2, 0595 - 2351703, फैक्स : 0595 - 2350009
Email : info@radico.co.in, Website : www.radicokhaitan.com
सूचना
(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानाकर्षण हेतु)
विषय : निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफ) में कम्पनी के इक्विटी शेयरों का अंतरण
यह सूचना निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (लेखा, ऑडिट, अंतरण तथा रिफंड) नियमावली, 2016, कम्पनी नियमों के मजबूत द्वारा अधिसूचित एवं 07 सितम्बर, 2016 से प्रभावी है, जैसा कि समय समय पर संशोधित ("नियम") के अनुपालन में प्रकाशित की जा रही है।
अन्य मामलों के साथ साथ नियमों में भी सभी शेयरों के हस्तांतरण के प्रावधान शामिल हैं, जिनके संबंध में लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय से लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण में अंतरित किया जाएगा।
नियमों में निर्धारित विभिन्न आवश्यकताओं का पालन करते हुए, कम्पनी ने उन सभी आईईपीएफ प्राधिकरण को सकंलित नियत तिथियों पर उन सभी शेयरों को स्थानान्तरित कर दिया है जिनके संबंध में लाभांश, लगातार सात वर्ष या उससे अधिक की अवधि के लिए अदत्त या अदावा रहा है। कम्पनी ने अब 15.07.2020 के अपने पत्र के माध्यम से संबंधित शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया है उनके शेयर विवरण वर्ष 2020-21 हेतु दर्शित कार्यवाही करने के लिए आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने हेतु उपलब्ध हैं।
कंपनी ने अपनी वेबसाइट www.radicokhaitan.com पर शेयरधारकों और शेयरों का पूरा विवरण जो कि आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित होने हैं को अपलोड किया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वैबसिक्ट http://www.radicokhaitan.com/investorRelations/FY2020/Unclaimed Dividend.aspx पर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने वाले अदत्त लाभांश एवं शेयरों की जांच कर लें।
शेयरधारक ध्यान दें कि अदत्त लाभांश एवं शेयर दोनों को आईईपीएफ प्राधिकरण/आईईपीएफ खाते में स्थानान्तरित किए गए हैं, जिनमें ऐसे शेयरों पर अर्जित सभी लाभ, यदि कोई हो, नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आईईपीएफ प्राधिकरण से उनके द्वारा वापस दावा किया जा सकता है।
संबंधित शेयरधारक, भौतिक पद्धति में शेयर रखने वाले डिमैट शेयर आईईपीएफ खाते में हस्तांतरित करने हेतु उत्तरदायी है। ध्यान रहे कि निवेशकों को अनुसार कम्पनी द्वारा खाते में शेयरों के अंतरण के लिए उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्रों को नष्ट, या शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी तथा उनको जारी करने के बाद उनके नाम में पंजीकृत मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वतः निरस्त हो जाएंगे तथा उसे नाम-निर्धारित/पंजीकृत माना जाएगा। शेयरधारक पुनः यह ध्यान रखें कि कम्पनी की वेबसाईट पर अपलोड की गई विवरण विवरणपत्र के अनुसार आईईपीएफ प्राधिकरण में शेयरों के अंतरण के उद्देश्य से कम्पनी द्वारा नष्ट/ शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संदर्भ में पर्याप्त सूचना माना जाएगा।
यदि कंपनी को संबंधित शेयरधारकों से 01.11.2020 तक कोई सूचना प्राप्त नहीं होती तो कम्पनी नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं को अनुपालन करने नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियत तिथि तक कॉर्पोरेट कार्यवाही के माध्यम से शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण डिमैटरीयलाइज और स्थानान्तरित करेगी।
यदि शेयरधारकों के पास विषय वस्तु और नियमों पर कोई प्रश्न है तो वे KFin Technologies Private Limited कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, उनके कार्यालय सेलेनियम टावर बी प्लाट 31-32, गाचीबावली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद-500 032, फोन : +91-40-67161517, फैक्स : +91-40-23001153, टोल फ्री नं. : 1800-345-4001, (समय सुबह 9.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक) ईमेल : einward.ris@kfintech.com से संपर्क कर सकते हैं।
कृते रेडिको खेतान लिमिटेड
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.07.2020
अनिल मनचन्दा
वाइस प्रेसीडेंट-लीगल एवं कम्पनी सचिव

निविदा सूचना
विभाग: Electrical (TRD) | Electrical (TRD)
टेंडर नं.: T-04-Elect-TRD-MB-20-21 | T-05-TRD-MB-20-21
कार्य का नाम: आगामी कुम्भ मेला के संदर्भ में मुरादाबाद मण्डल के अधीन लखनऊ-देवरापुर सेक्शन में ओ.एच.ई पावर लाइनों की विश्वसनीयता बढ़ाने हेतु ज्वालापुर / टी.एन.एस. में 12.5 एम.वी.ए. के ट्रांसफार्मर के लोडिंग, अनलोडिंग, इंस्टालेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य। | मुरादाबाद मण्डल के अधीन समपुर स्टेशन पर एच.ओ.बी. प्रोसेसिंग के संबंध में ओ.एच.ई. मोडिफिकेशन का कार्य।
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय: 21.08.2020, 15.00 Hrs. | 21.08.2020, 15.00 Hrs.
कार्य की अनुमानित लागत (Rs.): 17,31,839.23 (Excl. GST) | 13,05,426.96 (Excl. GST)
धरोहर राशि (Rs.): 34,600.00 | 26,100.00
निविदा प्रपत्र मूल्य (Rs.): 2000.00 | 2000.00
अंकित की वैधता (दिन): 45 Days | 45 Days
कार्य पूरा करने की अवधि: 60 days | 45 days
वेबसाइट एवं कार्यालय का पता: www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद
निविदा सूचना सं०:- Elect/TRD/MB/2020-21/TN-09 दिनांक : 28.07.2020 1657/20
मीडिया की रोचक में मुरादाबाद के साथ

आज का दिन वर्ष 1905 में नोबेल पुरस्कार विजेता और संयुक्त राष्ट्र के दूसरे महासचिव डैग हामार्सकी का जन्म।

अंबाला एयरबेस पर लड़ाकू विमान उतरेंगे, सुरक्षा बढ़ाई गई

राफेल आज भारत की धरती को चूमेंगे

अंबाला | एजेंसी

फ्रांस से सात हजार किलोमीटर लंबी यात्रा के बाद राफेल बुधवार सुबह भारत की धरती को चूमेंगे। भारत आने वाले पांच राफेल में तीन सिंगल सीटर और दो टू सीटर ट्रेनर एयरक्राफ्ट हैं। अंबाला एयरफोर्स स्टेशन पर राफेल की जोरदार अगवानी के साथ सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

सोमवार सुबह फ्रांस से उड़ान भरने के सात घंटे बाद पांच राफेल लड़ाकू विमानों की पहली खेप यूएई के अल दाफ्रा एयरबेस पर उतरी थी। यात्रा के बीच हवा में उनमें ईंधन भी भरा गया। फ्रांस में भारतीय दूतावास ने राफेल में ईंधन भरने की तस्वीरें मंगलवार को ट्विटर पर पोस्ट कीं। इसमें राफेल में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर फ्रांसीसी एयरफोर्स के एयरबस ए 330 मल्टीरोल टैंकर से ईंधन भरते दिखाया गया है।

अलदाफ्रा से अंबाला की यात्रा के दूसरे चरण में हवा में ईंधन भरने का कार्य भारतीय वायुसेना के रूसी परिवहन विमानों आई-78 द्वारा किया जाएगा। भारत लाए जा रहे राफेल को गहन प्रशिक्षण से गुजरे भारतीय वायुसेना के जांबाज पायलट उड़ा रहे हैं। राफेल भारतीय वायुसेना की 17वीं स्क्वॉड्रन का हिस्सा होंगे, जिसे गोल्डन एरोस के नाम से भी जाना जाता है।

फ्रांस ने भारत को पहला राफेल औपचारिक तौर पर पिछले साल अक्तूबर में सौंपा था। इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। हालांकि भारतीय वायुसेना का हवाई और ग्राउंड स्टॉफ राफेल के परिचालन और रखरखाव की बारीकियों को जानने के लिए तीन साल से फ्रांस में है। भारत ने सितंबर 2016 में फ्रांस से 36 राफेल विमानों का 59 हजार करोड़ में सौदा किया था। इन 36 विमानों की आपूर्ति अगले साल के अंत तक हो जाएगी।

वहीं अंबाला के उपायुक्त अशोक शर्मा ने कहा कि एयरबेस के निकटवर्ती गांव धुलकोट, बलदेव नगर आदि में चार से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक है। राफेल के संचालन को अंबाला एयरबेस पर हैंगर, अन्य बुनियादी ढांचे पर करीब 400 करोड़ खर्च किए हैं।

राफेल में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर फ्रांसीसी एयरफोर्स के एयरबस ए 330 मल्टीरोल टैंकर से ईंधन भरा गया। यह तस्वीर मंगलवार को फ्रांस में भारतीय दूतावास की ओर से जारी की गई है। • प्रेट्र

वायुसेना प्रमुख करेंगे अगवानी

वायुसेना प्रमुख राकेश भदौरिया बुधवार को खुद अंबाला में राफेल की अगवानी करेंगे।

अंबाला में न उतरा तो जोधपुर विकल्प

भारतीय वायुसेना ने बैकअप प्लान के तहत जोधपुर एयरबेस को तैयार रखा है। अगर किसी कारण से अंबाला में राफेल नहीं उतर सके तो जोधपुर एयरबेस पर उतारा जाएगा।

भारतीय वायुसेना फ्रांसीसी एयर फोर्स द्वारा लड़ाकू विमान राफेल को भारत लाए जाने के लिए किए गए सहयोग की सराहना करती है।

–भारतीय वायुसेना का ट्वीट

23 साल में विदेश से पहला लड़ाकू विमान आया

राफेल पिछले 23 साल में भारतीय वायुसेना में विदेश से आयातित पहला फाइटर जेट है। इससे पहले जून 1997 में रूस से सुखोई-30 खरीदा गया था, जिसने भारतीय वायुसेना की ताकत को मजबूत किया। मिग के पुराने होते विमानों के बीच भारत ने वायुसेना में इन घातक विमानों को शामिल किया है।

बढ़ी ताकत

छिपकर वार करने वालों पर कहर बरपाने में माहिर

फ्रांसीसी लड़ाकू विमान राफेल चीन और पाकिस्तान के दोहरे मोर्चे पर सीधी लड़ाई में तो निर्णायक साबित हो ही सकता है, साथ ही वह गैर पारंपरिक युद्ध में भी छिपकर वार कर रहे दुश्मन की मांद में घुसकर उसे नेस्तनाबूद करने का माद्दा भी रखता है। आतंकवाद, मिलिशिया वार या गृह युद्ध से प्रभावित सीरिया, लीबिया, इराक, अफगानिस्तान में ऐसी ही छद्म लड़ाई में राफेल ने अचूक निशानों से अपना दमखम दिखाया है।

राफेल घातक मिसाइलों से लैस

आतंकियों की कमर तोड़ी

बलिया के लाल ने लड़ाकू विमान उड़ाया

बलिया। बलिया के लाल विंग कमांडर मनीष फ्रांस से लाए जा रहे राफेल में से एक को लेकर सोमवार को आबुधाबी पहुंचे थे। इसकी पुष्टि मनीष के छोटे भाई अनीश सिंह ने की है। फ्रांस से आ रहे पांच लड़ाकू राफेल विमानों के चालक दल में बलिया का जांबाज विंग कमांडर मनीष सिंह भी शामिल हैं। जिले के बकवा गांव निवासी मनीष आर्मी से रिटायर मदन सिंह के बेटे हैं। मनीष का छोटा भाई अनीश नौसेना में हैं। मनीष के राफेल उड़ा भारत लाने की जानकारी से बकवा गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

हरदोई के अभिषेक त्रिपाठी ने भी गौरवान्वित किया

संडीला (हरदोई)। फ्रांस से राफेल उड़ाकर भारत लाने वाले एयरफोर्स के विंग कमांडर अभिषेक त्रिपाठी संडीला से जुड़े हैं। उनकी इस उपलब्धि पर आज पूरे हरदोई जिले को अभिमान है। संडीला में रहने वाले परिवार के लोगों ने खुशी में आतिशबाजी फोड़ी और मिठाइयां बांटीं।

भारत को चीनी बैंक से 4.5 अरब डॉलर का कर्ज मिला

नई दिल्ली | सुतीर्थो पटरानोबिस

सीमा पर चीन से बढ़ते तनाव के बीच भारत को चीनी समर्थित बैंक एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) से करीब 4.5 अरब डॉलर का कर्ज मिला है। इतना हीनहीं भारत बीजिंग स्थित इस बैंक से कोरोना राहत कोष लेने में शीर्ष लाभार्थी भी है।

एआईआईबी की पांचवीं परिषद का वार्षिक सम्मेलन के उदघाटन के अवसर पर मंगलवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सदस्य देशों के लिए कोरोना राहत कोष स्थापित करने को लेकर बैंक की तारीफ की और कहा कि एआईआईबी को वैश्विक समान विकास को मजबूत करने वाला नया बहुपक्षीय विकास बैंक बनाना चाहिए। गौरतलब है कि यह बैंक खोलने का प्रस्ताव जिनपिंग ने 2013 में रखा था और 2016 में यह बैंक खुला था।

सबसे बड़े कर्जदार के रूप में भारत पर एआईआईबी ऋणों का लगभग 25 प्रतिशत बोझ है। एआईआईबी से भारत को कोरोना राहत को जून और जुलाई में क्रमशः 500 मिलियन डॉलर और 750 मिलियन डॉलर का कर्ज मिला है। दूसरे चरण की लोन की स्वीकृति 17 जून को मिली थी। भारत को अब तक एआईआईबी से मिले 4.5 अरब डॉलर के फंड के अलावा कई बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए कर्ज मिलने वाला है।

hindustantimes

कश्मीर घाटी में चीनी कंपनी को ठेका देना गलत : कांग्रेस

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर की रेडियो फ्रीक्वेंसी का ठेका चीनी कंपनी डोंगफेंग को दिए जाने पर कांग्रेस ने सवाल उठाया हैं। पार्टी का कहना है कि जिस कंपनी को यह ठेका दिया गया है, वह सीधे तौर पर चीन सरकार और चीनी सेना से जुड़ी है। इस कंपनी के पाकिस्तान के साथ भी रिश्ते हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि उपभोक्ताओं से संबंधित जानकारियों तक इस कंपनी की सीधी पहुंच होगी। इसके आधार पर यह कंपनी जम्मू-कश्मीर में ब्लैक आउट तक कर सकती है। पवन खेड़ा ने कहा कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर तनाव बरकार है।

मेगा सुरंग परियोजना की रफ्तार बढ़ी

तैयारी

नई दिल्ली | अरविंद सिंह

पूर्वी लद्दाख में चीन से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित दो मेगा सुरंग परियोजनाओं की रफ्तार बढ़ा दी है। इसके तहत एक साल से बंद पड़ी जेड मोड सुरंग परियोजना पर काम भी शुरू हो गया है।

इसे रिकॉर्ड 11 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में एशिया की सबसे बड़ी द्विदिशी (आने-जाने) जोजिला सुरंग का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सामरिक दृष्टि से दोनों सुरंग महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटड (एनएचएआईडीसीएल) के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 फीसदी काम पूरा करने के बाद निर्माण कंपनी के दिवालिया होने के कारण जेड मोड सुरंग परियोजना का काम जून 2019 में बंद हो गया था।

नई कंपनी को ठेका दे दिया गया है: परियोजना के टेंडर जारी करने व लेटर ऑफ अवार्ड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई कंपनी को ठेका दे दिया गया है और 16 जुलाई को काम शुरू भी हो गया है। अधिकारी ने बताया कि लगभग 80 फीसदी काम को रिकॉर्ड आगामी जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

क्या होगा फायदा : दोनों मेगा सुरंगों के बनने से श्रीनगर से लेह की सड़क कनेक्टिविटी सालभर बनी रहेगी। अभी बर्फबारी के दौरान छह माह तक लेह श्रीनगर व देश के बाकी हिस्से से पूरी तरह से कट जाता है। युद्ध की स्थिति में सैन्य गतिविधियों के दौरान इन सुरंगों का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

कितनी लंबी होगी

जेड मोड सुरंग : 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग सोनमर्ग व गगनगिर के बीच बने रही है। सुरंग के साथ छह किलोमीटर की एक सडक, दो बड़े पुल, एक छोटा पुल शामिल है। पूरी परियोजना की लागत 2379 करोड़ रुपये आएगी।

जोजिला सुरंग : 14.15 किलोमीटर जोजिला सुरंग की लागत 4430 करोड़ है। द्विदिशी जोजिला एशिया की सबसे बड़ी सुरंग है। इसका काम जून 2026 तक पूरा हो सकेगा।

वर्ल्ड राउंडअप

बुकर पुरस्कार की दौड़ में भारतवंशी अवनि

लंदन। भारतीय मूल की लेखिका अवनि दोशी वर्ष 2020 के बुकर पुरस्कार की रेस में शामिल हैं। दुनिया के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए अभी जिन 13 लेखकों की सूची बनाई गई है उनमें दोशी का नाम भी शामिल है। दुबई में रह रहीं दोशी का चयन उनके पहले उपन्यास बर्न्ट शुगर के लिए किया गया।

समूह में भारत की अर्चना सोरेंग शामिल

संयुक्त राष्ट्र। भारतीय जलवायु कार्यकर्ता अर्चना सोरेंग को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अपने नए सलाहकार समूह में शामिल करने के लिए नामित किया है। इस समूह (युवा सलाहकार समूह) में युवा नेता को शामिल किया गया है। अर्चना सोरेंग विश्व के छह अन्य युवा जलवायु नेताओं में शामिल हैं।

ओली और प्रचंड में नहीं हो सकी सुलह

काठमांडू। नेपाल की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की मंगलवार को होने वाली अहम बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। स्थायी समिति के सदस्य गणेश शाह ने बताया कि ओली और प्रचंड को आपसी मतभेद सुलझाने के लिए थोड़ा और समय चाहिए। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाले असंतुष्ट गुट के बीच सुलह कराने के उद्देश्य से यह बैठक होनी थी। एनसीपी की 45 सदस्यीय स्थायी समिति की बैठक 11 बजे होनी थी।

15 लाख से ज्यादा संक्रमण की चपेट में

नई दिल्ली | हिन्दुस्तान ब्यूरो

देश में कोरोना संक्रमण दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। मंगलवार शाम तक 15 लाख से ज्यादा लोग इस महामारी की चपेट में आ चुके थे। वर्ल्डोमीटर के मुताबिक 47,861 नए मामले मिलने से कुल संक्रमितां की संख्या बढ़कर 15,30,364 हो गई है। 776 और लोगों की मौत से महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 33,425 हो गई।

सिर्फ 12 दिनों में पांच लाख से ज्यादा नए केस दर्ज किए गए हैं। हालांकि, राहत की बात है कि अब तक 9.52 लाख से ज्यादा लोग पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और रोजाना करीब 35 हजार लोग स्वस्थ हो रहे हैं। देश में संक्रमण 3% की दर से बढ़ रहा लेकिन उत्तर प्रदेश में 5.4% की दर से बढ़ोतरी हो रही है।

दिल्ली की राह पर मुंबई

आर्थिक राजधानी मुंबई भी दिल्ली की राह पर चल पड़ी है। वहां मंगलवार को सिर्फ 700 नए मामले दर्ज किए गए। पिछले तीन महीने यह सबसे कम आंकड़ा है। खास बात यह है कि सर्वाधिक 8,776 टेस्ट करने के बाद इतने मामले सामने आए हैं। एक दिन पहले 1021 मामले दर्ज हुए थे।

भारत में सबसे तेज वृद्धि दर



स्रोत: जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी

गर्भवती से भ्रूण तक पहुंचा संक्रमण

पुणे। कोरोना संक्रमण गर्भवती महिलाओं से अजन्मे बच्चे तक पहुंच रहा है। भारत में इस तरह का पहला मामला पुणे में सामने आया है। कोरोना वायरस संक्रमित मां से गर्भनाल के जरिए भ्रूण तक पहुंचा। हालांकि, राहत की बात है कि उपचार के बाद मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं।पुणे के बीजे गर्वमेंट मेडिकल कॉलेज एंड ससून जनरल हॉस्पिटल में मई के अंतिम सप्ताह में इस बच्ची का जन्म हुआ। उसकी मां को पहले से ही संक्रमण था। प्रसव के एक सप्ताह पहले गर्भवती में कोरोना के हल्के लक्षण दिखे तो टेस्ट कराया गया लेकिन रिपोर्ट निगेटिव आई।

वायरस के फैलाव में कमी के संकेत

नई दिल्ली। क्या देश में कोरोना संक्रमण का फैलाव अब कम होने लगा है? क्या कोरोना संक्रमण की चरम सीमा निकल चुकी है? ये ऐसे प्रश्न हैं जिनपर सरकार की तरफ से तो कोई जवाब नहीं आया है, लेकिन विशेषज्ञों को ऐसा लगता है।

कोरोना नमूनों के पॉजिटिव होने की दर में कमी आना इसका एक ठोस आधार है। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि आने वाले दिनों में यह रुझान जारी रहता है या नहीं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के आंकड़ों के विश्लेषण से साफ होता है कि कोरोना संक्रमण दर घटी है। बीते चौबीस घंटों के दौरान कुल 5,28,082 टेस्ट किए गए हैं। इस दौरान कुल 47,704 नमूने पाजीटिव निकले हैं।

तीन हजार रुपये अधिकतम होगा कोविड वैक्सीन का दाम

लंदन/शिकागो | एजेंसी

वैक्सीन के अंतिम परीक्षण और उसकी सफलता की उम्मीदों के बीच दुनिया भर के देश इसकी कीमत तय करने में जुट गए हैं।

कोरोना पर वैश्विक टीकों के समन्वय का काम कर रहे गावी अलायंस ने इसी दिशा में कदम उठाया है और एक खुराक की अधिकतम कीमत 40 डॉलर यानी करीब तीन हजार रुपये तय की है। टीकों के दुनिया भर में उचित बंटवारे के लिए बने कोवैक्स सुविधा केंद्र के सह प्रमुख सेथ बर्कले ने मंगलवार को कहा सैद्धांतिक तौर पर अधिकतम 40 डॉलर कीमत तय की गई है, हालांकि गरीब देशों को इसे कम कीमत पर मुहैया कराने पर विचार जारी है।

अभिनेत्री रिया पर गबन समेत कई गंभीर आरोप

पटना | वरीय संवाददाता

पुलिस सूत्रों की मानें तो रिया चक्रवर्ती पर सुशांत सिंह के पिता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि रिया ने सुशांत के पैसे गबन कर लिए थे। वे उन्हें परिवार से दूर रखना चाहती थी। इस कारण सुशांत सिंह काफी तनाव में थे। उनका बैंक खाता रिया हैंडिल करने लगी थी। काफी पैसे सुशांत के बैंक खाते से गायब थे।

बड़े अफसर कर रहे मॉनिटरिंग : अभिनेत्री पर दर्ज एफआईआर मामले की मॉनिटरिंग पटना पुलिस के बड़े अधिकारी कर रहे हैं। उधर, सुशांत सिंह के पिता ने केस दर्ज करने की पुष्टि की है। हालांकि इस बारे में उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है। कहा कि अगर वे अभी बात सार्वजनिक करेंगे तो इसका असर पुलिस की जांच पर पड़ सकता है।

धर्मा प्रोडक्शन के सीईओ का बयान दर्ज

मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में धर्मा प्रोडक्शन के सीईओ अपूर्वा मेहता ने मंगलवार को मुंबई पुलिस को अपने बयान दर्ज कराए हैं। सुशांत ने करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन हाउस के साथ 2019 में फिल्म ड्राइव में काम किया था। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस के समन पर मेहता दोपहर के समय अंबोली थाने पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह राजपूत और प्रोडक्शन हाउस द्वारा हस्ताक्षर किए गए अनुबंध दस्तावेज भी अपने साथ लाए थे।

कार्यालय विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति लाडनूं जिला (नागौर)

क्रमांकः- MGNREGA/निविदा/2020-21/1301 दिनांकः 23.07.2020

ई-निविदा सूचना संख्या-3/2020-21

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ 34 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2020-21 में महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य योजना के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों व विनिर्माताओं से ब्लॉक स्तरीय ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदायें निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB: ZNR2021A0078
UBN: ZNR2021GLOB00119

(हरफूल सिंह)
विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी
पंचायत समिति लाडनूं

Dipr/c/5711/2020

कम्पोजिट विद्यालय लोहा (1-8) वि.क्षे. मिलक (रामपुर)

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश के अनुसार रजि० फर्मों से छात्र/छात्राओं को 2 सैट यूनिफार्म/कपड़ा आपूर्ति हेतु सैम्पल सहित सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्राप्त कराने की अन्तिम तिथि 05.08.2020 समय 1 बजे तक निविदा खोलने की तिथि 06.08.2020 है।

याकूब मसीह — अध्यक्ष
पृथ्वी सिंह — सचिव

EESL
एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज़ लिमिटेड
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के पीएसयू की संयुक्त उद्यम कंपनी)
5वां और 6वां तल, कोर – 3, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली – 110003

उजाला वारंटी को बंद करने की सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि UJALA (पहले DELP) एलईडी बल्बों पर प्रदान की गई 3 वर्ष की वारंटी अवधि पूरी हो चुकी है और ईईएसएल या ईईएसएल अधिकृत काउंटरों द्वारा कोई बल्ब नहीं बदला जाएगा।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

विभाग	Electrical (TRD)	Electrical (TRD)
टेंडर नं.	T-04-Elect-TRD-MB-20-21	T-05-TRD-MB-20-21
कार्य का नाम	आगामी कुम्भ मेला के संबंध में मुरादाबाद मण्डल के अधीन लक्सर–देहरादून सेक्शन में ओ.एच.ई. पावर सप्लाई की विश्वसनीयता बढ़ाने हेतु ज्वालापुर/टी.एस.एस. में 12.5 एम.बी.ए. के ट्रांसफार्मर के लोडिंग, अनलोडिंग, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का कार्य।	मुरादाबाद मण्डल के अधीन रामपुर स्टेशन पर एफ.ओ.बी. प्रोविजन के संबंध में ओ.एच.ई. मॉडिफिकेशन का कार्य।
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय	21.08.2020, 15:00 Hrs.	21.08.2020, 15:00 Hrs.
कार्य की अनुमानित लागत (Rs.)	17,31,839.23 (Excl. GST)	13,05,426.96 (Excl. GST)
धरोहर राशि (Rs.)	34,600.00	26,100.00
निविदा प्रपत्र मूल्य (Rs.)	2000.00	2000.00
ऑफर की वैधता (दिन)	45 Days	45 Days
कार्य पूरा करने की अवधि	60 days	45 days
वेबसाइट एवं कार्यालय का पता	www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद	www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

निविदा सूचना सं0:– Elect/TRD/MB/2020-21/TN-09 दिनांक : 28.07.2020 1657/20

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

Radico
रेडिको खेतान लिमिटेड
CIN : L26941UP1983PLC027278
पंजी. कार्यालय : बरेली रोड, रामपुर - 244901 (उ. प्र.)
फोन नं. : 0595 - 2350601 / 2, 0595 - 2351703; फैक्स : 0595 - 2350009
Email : info@radico.co.in, Website : www.radicokhaitan.com

सूचना

(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानाकर्षण हेतु)
विषय : निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफ) में कम्पनी के इक्विटी शेयरों का अंतरण

यह सूचना निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (लेखा, ऑडिट, अंतरण तथा रिफंड) नियमावली, 2016, कम्पनी मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित एवं 07 सितम्बर, 2016 से प्रभावी है, जैसा कि समय समय पर संशोधित ("नियम") के अनुपालन में प्रकाशित की जा रही है।

अन्य मामलों के साथ साथ नियमों में भी सभी शेयरों के हस्तांतरण के प्रावधान शामिल हैं, जिनके संबंध में लगातार सात वर्षो या उससे अधिक समय से लाभांश का भूगतान या दावा नहीं किया गया है, निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण में अंतरित किया जाएगा।

नियमों में निर्धारित विभिन्न आवश्यकताओं का पालन करते हुए, कंपनी ने अब तक आईईपीएफ प्राधिकरण को संबंधित नियत तिथियों पर, उन सभी शेयरों को स्थानांतरित कर दिया है जिनके संबंध में लाभांश, लगातार सात वर्ष या उससे अधिक की अवधि के लिए अदत्त या बेदावा रहा था। कंपनी ने अब 15.07.2020 के अपने पत्र के माध्यम से संबंधित शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया है उनके शेयर वित्तिय वर्ष 2020-21 हेतु उचित कार्यवाही करने के लिए आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने हेतु उत्तरदायी हैं।

कंपनी ने अपनी वेबसाइट www.radicokhaitan.com पर शेयरधारकों और शेयरों का पूरा विवरण जो कि आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित होने हैं को अपलोड किया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वेबलिंक http://www.radicokhaitan.com/investorRelations/FY2020/Unclaimed Dividend.aspx पर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने वाले अदत्त लाभांश एवं शेयरों की जांच कर लें।

शेयरधारक ध्यान दें कि अदत्त लाभांश एवं शेयर दोनों जो आईईपीएफ प्राधिकरण/आईईपीएफ खाते में स्थानांतरित किए गए हैं, जिनमें ऐसे शेयरों पर अर्जित सभी लाभ, यदि कोई हो, नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आईईपीएफ प्राधिकरण से उनके द्वारा वापस दावा किया जा सकता है।

संबंधित शेयरधारक, भौतिक पद्धत्ति में शेयर रखने वाले जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण में हस्तांतरित करने हेतु उत्तरदायी हैं, ध्यान रखें कि नियमावली के अनुसार कम्पनी उस खाते में शेयरों के अंतरण के लिए उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्रों की जगह नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी तथा उनको जारी करने के बाद उनके नाम में पंजीकृत मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वतः निरस्त हो जाएंगे तथा उसे नान–निगोशिएबल माना जाएगा। शेयरधारक पुनः यह ध्यान रखें कि कम्पनी की वेबसाईट पर अपलोड की गई विवरण नियमावली के अनुसार आईईपीएफ प्राधिकरण में शेयरों के अंतरण के उद्देश्य से कम्पनी द्वारा नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संदर्भ में पर्याप्त सूचना मानी जाएगी।

यदि कंपनी को संबंधित शेयरधारकों से 01.11.2020 तक कोई सूचना प्राप्त नहीं होती तो कम्पनी नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन करने, नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियत तिथि तक कॉर्पोरेट कार्यवाही के माध्यम से शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण डिमैटेरियलाइज और स्थानांतरित करेगी।

यदि शेयरधारकों के पास विषय वस्तु और नियमों पर कोई प्रश्न है, तो वे **KFin Technologies Private Limited** कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांस्फर एजेंट, पता : कार्वी सेलेनियम टावर बी, प्लाट 31-32, गाचीबावली फाईनेनशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद–500 032, फोन : +91-40-67161517; फैक्स : +91-40-23001153; टोल फ्री नं. : 1800-345-4001, (समय सुबह 9.00 बजे से शायं 6.00 बजे तक) ईमेल : einward.ris@kfintech.com से संपर्क कर सकते हैं।

कृते रेडिको खेतान लिमिटेड
अमित मनचन्दा
वाइस प्रेसीडेंट-लीगल एवं कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.07.2020